**कक्षा - सातवीं**

**आवधिक परीक्षा-1 2020-21**

**विषय - हिंदी**

**अवधि : 2 घंटे** **पूर्णांक : 40**

**खंड - (क)**

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए |** **(5)**

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोज़गारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

**क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?**

a. दुर्गुणों को
b. अनेक प्रकार की समस्याओं को
c. दुर्भावनाओं को
d. अनेक प्रकार की विपदाओं को

**ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?**

a. राजनीतिक अक्षमता के कारण
b. समस्याओं के कारण
c. भ्रष्टाचार के कारण
d. जनसंख्या की वृद्धि के कारण

**ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?**

a. रोटी कपड़े की समस्या
b. बेरोजगारी की समस्या
c. निरक्षरता की समस्या
d. दहेज की समस्या

LIVEWORKSHEETS

**घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?**

a. सभी सरकारी प्रयास

b. सभी मानवीय प्रयास

c. सभी गैर-सरकारी प्रयास

d. सभी सामाजिक प्रयास

**ङ) "नगण्य" शब्द का सही अर्थ है**

a. बहुत

b. थोड़ा

c. पर्याप्त

d. अपर्याप्त

**प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछेगए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए |** **(5)**

छोड़ो भी, ऐसा तो जीवन में होता है,
जो कभी मिलता है, वह कभी छिनता है।
लेकिन इससे दरकार
संध्या के सिंदूरी प्रकाश में
मंजरित तुलसी के
नीचे दीया
जलाना थोड़े ही बंद किया जाता है।
भगवान बात सुनें, न सुनें,
तो भी मंदिर तो मंदिर ही है,
उसमें जो रोज़ शाम दीया नहीं जलाता है,
वह तो घर लौटने के अपने ही मार्ग पर
अँधेरा फैलाता है।

**क) जीवन में प्राय: ___ घटनाएँ होती ही रहती हैं।(रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)**

a. लूटने और रूठने की

b. आने और जाने की

c. कुछ मिलने और छिन जाने की

d. पहनने और ओढ़ने की

LIVEWORKSHEETS

**ख) मंजरित तुलसी के नीचे दीया जलाने का आशय ?**

a. तुलसी को हरा-भरा रखना

b. जीवन की हर परिस्थिति में आस्था बनाए रखना

c. दीया जलाकर पूजा करना

d. भजन करना

**ग) घर लौटने का मार्ग कैसे मार्ग को कहा गया है ?**

a. घर जाने वाले रास्ते को

b. घर जाने वाली गली को

c. सुख और विश्वास से पूर्ण जीवन को

d. निराशा और हताशा को

**घ) 'अँधेरा फैलता है'- का आशय है-**

a. निराशा से भरा जीवन

b. रात का अँधेरा

c. कम रोशनी वाली रात

d. अँधेरे को विस्तार देना

**च) 'मंजरित' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइए।**

a. मजरी + त

b. मांजर + इत

c. मजर + इत

d. मंजरी + इत

LIVEWORKSHEETS

**खंड - (ख)**

**प्र.3 निर्देशानुसार कीजिए -** **(1X10=10)**

**क)लिपि से आप क्या समझते हैं ? (सही विकल्प चुनिए)**

a) भाषा को लिखने का तरीका

b) भाषा को समझने का तरीका

c) भाषा को पढ़ने का तरीका

d) इनमें से कोई भी नहीं

**ख)वाक्य किसे कहते है? (सही विकल्प चुनिए)**

a) शब्द समूह को

b) वर्ण समूह को

c) वर्गों के मेल को

d) शब्दों के सार्थक मेल को

**ग) अपने मन के भावों और विचारों को बोलकर, लिखकर या पढ़कर प्रकट करने के साधन को क्या कहते हैं ? ____________________ (सही विकल्प चुनकर लगाइए)**

a) टेलीफोन

b) लिपि

c) भाषा

**घ) इनमें से 'भाषा' का अर्थ कौन-सा नहीं है ? (सही विकल्प चुनिए)**

a) मन के भाव संकेत के द्वारा प्रकट करना

b) मन के भाव बोलकर प्रकट करना

c) मन के भाव लिखकर प्रकट करना

d) उपर्युक्त सभी

**ङ) हमें किसके द्वारा भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान नहीं होता है? (सही विकल्प चुनिए)**

a) शब्द

b) लिपि

c) वाक्य

d) उपर्युक्त सभी

LIVEWORKSHEETS

**च) हिंदी में व्यंजनों की संख्या कितनी है ? (सही विकल्प चुनिए)**

a) तेंतीस

b) छत्तीस

c) अड़तीस

d) पैंतीस

**छ) एक से अधिक व्यंजन जब जोड़कर बोले या लिखे जाते हैं वे कहलाते हैं- (सही विकल्प चुनिए)**

a) स्वर

b) व्यंजन

c) द्वित्वव्यंजन

d) इनमें से कोई नहीं

**ज) इनमें से कौन-सा व्यंजन नहीं है ? (सही विकल्प चुनिए)**

a) क

b) च

c) ट

d) ए

**झ) शुद्ध रूप चुनिए -**

**a)** उज्जवल

**b)** उज्ज्वल

**c)** उज्वल

**d)** उज्जव्ल

**ञ) कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं है (सही विकल्प चुनिए)**

a) जानवर

b) बालक

c) बचपन

d) बिल्ली

LIVEWORKSHEETS